आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 14.03.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड में रंग, संगीत और उल्लास के त्यौहार होली की धूम।
- कुमाऊं और गढवाल में पारम्परिक गीतों के साथ होली मनाई जा रही है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं होली की शुभकामनाएं।
- केंद्र सरकार ने विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 से पहले क्रिएटर्स इकोनॉमी के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कल से शुरू होंगे।
- **और,** राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश और अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना।

**<u>होली</u>**

उत्तराखंड में आज होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश के गांवों, कस्बों और शहरों में सुबह से ही रंग–अबीर उड़ने लगे हैं। कुमाऊं में जहां बैठकी और खड़ी होली की परंपरा देखने को मिल रही है, वहीं गढ़वाल में भी लोग पारंपरिक ढोल–दमाऊं और मंजीरों की थाप पर होली के गीत गा रहे हैं। कुमाऊं क्षेत्र में होली का खास अंदाज देखने को मिल रहा है। पिछले एक महीने से मंदिरों, चौपालों और घरों में बैठकी होली की रस्में निभाई जा रही थीं, जिनका समापन अब रंगों के उत्सव के साथ हो रहा है। अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में होलियारों की टोलियां परंपरागत वेशभूषा में घर–घर जाकर होली गा रही हैं। खड़ी होली की धूम पूरे क्षेत्र में है, जिसमें लोग नृत्य और गीतों के माध्यम से होली का आनंद ले रहे हैं। गढ़वाल में भी होली का खास उत्साह है। देहरादून, टिहरी, श्रीनगर और उत्तरकाशी में लोग सुबह से ही रंग–अबीर के साथ होली मना रहे हैं। हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा घाटों पर भी श्रद्धालु होली खेल रहे हैं। मसूरी और चकराता जैसे पर्यटन स्थलों पर भी पर्यटक इस रंगीन पर्व का भरपूर आनंद उठा रहे हैं।

**<u>होली जश्न</u>**

होली के मौके पर प्रदेशभर में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों की धूम है। जगह–जगह होली मिलन समारोह हो रहे हैं, जहां लोक कलाकार पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत कर रहे हैं। रामनगर, हल्द्वानी और रुद्रपुर में भी होली के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस बीच, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह औरम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रंगो का यह पर्व समाज में भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। होली के मद्देनजर प्रदेशभर में पुलिस प्रशासन सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि लोग सुरक्षित माहौल में त्योहार का आनंद ले सकें। उत्तराखंड आज पूरी तरह होली के रंग में रंगा हुआ है। बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी रंग और उल्लास में डूबे हुए हैं। प्रदेश के पहाड़ों से लेकर मैदानों तक आज सिर्फ रंगों और खुशियों की फुहारें नजर आ रही हैं।

**वेव्स 2025**

सरकार ने विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की है। कल नई दिल्ली में वेव्स–2025 पर एक उच्चस्तरीय सत्र को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहली मई से 4 मई तक मुंबई में होने वाला यह कार्यक्रम क्रिएटर समुदाय को एक मंच प्रदान करेगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के इस सत्र का उद्देश्य वेव्स 2025 से पहले अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को शामिल करना था। इस अवसर पर विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा कि वेव्स मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए चर्चा, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा।

**ऑनलाइन आवेदन**

उत्तराखंड में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कल से शुरू होंगे। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत 8 से 14 वर्ष तक के डेढ सौ बालक और डेढ सौ बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयन प्रदेश के हर जिले से छह अलग–अलग आयु वर्गों में किया जाएगा और चयनित खिलाड़ियों को पन्द्रह सौ रुपए प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी ताकि वे खेल अभ्यास को सुचारू रूप से जारी रख सकें।
वहीं, 14 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों के लिए खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत दो हजार रुपए प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। खिलाड़ियों का चयन बैटरी टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना की चयन प्रक्रिया 1 से 15 अप्रैल तक और खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना की चयन प्रक्रिया 16 से 30 अप्रैल तक चलेगी। दोनों योजनाओं के लिए आवेदन 31 मार्च सायं 5 बजे तक खिलाड़ी www.khelouk.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**मौसम**

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज से अगले तीन दिनों तक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के अनेक हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस अवधि के दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में 17 मार्च तक बर्फबारी का अनुमान है। इस बीच, मौसम विभाग ने नैनीताल और देहरादून में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी की संभावना जताई है। इसके अलावा, राज्य में कहीं–कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने की चेतावनी भी जारी की गई है।

**सीबीएसई**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कहा है कि शनिवार को होने वाली कक्षा 12 की परीक्षाएं देश के विभिन्न हिस्सों में होली के बावजूद तय समय पर ही आयोजित की जाएंगी। एक बयान में बोर्ड ने कहा कि हिंदी कोर और हिंदी वैकल्पिक विषयों के लिए कक्षा 12 की परीक्षाएं निर्धारित तिथि पर ही आयोजित की जाएंगी। जो छात्र 15 मार्च को परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाएंगे, उन्हें राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों के लिए आयोजित होने वाली विशेष परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा।

**<u>लखपति दीदी</u>**

देहरादून के विकासखंड रायपुर में लखपति दीदी योजना के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त हुआ। मास्टर ट्रेनर वंदना शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनकी आय में वृद्धि करना है। प्रशिक्षण में दो सौ पचास महिलाओं ने भाग लिया, जिन्हें पारंपरिक एपण कला, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और सॉफ्ट टॉय बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सरकार से अनुरोध किया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को ग्राम पंचायत स्तर तक भी ले जाया जाए और उनकी अवधि बढ़ाई जाए।

नेपाल से भारत लाई जा रही 42 हजार रुपए की भारतीय मुद्रा के साथ एक व्यक्ति को चंपावत जिले के शारदा बैराज पुलिस ने गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी अरविन्द कुमार ने बताया कि पकड़ी गई धनराशि को जब्त कर बनबसा कस्टम को सौंप दिया है।

देहरादून के राजपुर रोड पर चार लोगों को कुचलने वाले वाहन चालक को पुलिस ने आईएसबीटी के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धाराओं में केस दर्ज आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

चमोली जिले के कर्णप्रयाग—ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्वालदम से थराली की ओर आ रहा एक वाहन दुर्घनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार किया जा रहा है।